वीर अर्जुन (Veer Arjun)

दिनाँक (Dated): 17-06-2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 01	क्रम सं0(Serial No.) 2

सूरत एयरपोर्ट पर दो करोड़ के कच्चे हीरे के साथ एक गिरफ्तार

सूरत, (भाषा)। दुबई जाने वाले एक भारतीय यात्री को सूरत हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने दो करोड़ रुपये से अधिक कीमत के कच्चे हीरे छिपाने के आरोप में पकड़ा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब संजयभाई मोराडिया नामक यात्री इंडिगो एयरलाइंस की अंतरराष्ट्रीय उड़ान पकड़ने से पहले सुरक्षा जांच से गुजर रहा था उसे उस दौरान ही रोक लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि यात्री की पहले आंशिक तलाशी ली गई उसके बाद पूरे शरीर की तलाशी ली गई जिसके बाद उसके मोजों और अंत:वस्त्रों में छिपाए गए कुल1,092 ग्राम कच्चे या बिना पॉलिश किए हीरे बरामद हुए।